# उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश, जबलपुर

## निविदा सूचना

समस्त अधिकृत विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा वर्ष 2019–20 के लिये आवश्यकतानुसार मेप्लीथो पेपर (Size 51 x 75 cm = 80 GSM) कय किया जाना है, जिसके लिये निर्धारित शर्तों के अधीन मोहरबंद निविदायें दिनांक 21–05–2019 की अपरांह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्त एवं वाछिंत सामग्री की विस्तृत जानकारी उच्च न्यायालय की वेबसाईट WWW.mphc.gov.in पर उपलब्ध है।

सही/-
रजिस्ट्रार जनरल

# मध्यप्रदेश उच्च न्यायालयः जबलपुर

क्रं.रजि.(प्रशा.)/ ....B..... / 2355          दिनांकः 27/04/19

## निविदा फार्म

## मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय मुख्यपीठ, जबलपुर हेतु मेपलिथो पेपर की आपूर्ति

निविदा प्रस्तुति की अंतिम तिथि : 21–05–2019, अपरांह 3.00 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि : 21–05–2019, अपरांह 4.00 बजे

निविदा–कर्ता का नाम एवं पता : ..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

डिमाण्ड ड्राफ्ट क्रं......................................दिनांक.........................राशि रूपये 500/–

(निविदा दस्तावेज की लागत)

निविदा–कर्ता की सील एवं हस्ताक्षर

# उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश, जबलपुर

## नियम एवं शर्ते

वर्ष 2019 हेतु मेप्लीथो पेपर (Size 51 x 75 cm = 80 GSM) क्रय किये जाने हेतु सील बंद निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो इस कार्यालय में दिनांक 21–05–2019 को अपरांह 3.00 बजे तक पहुॅच जावे।

1. निविदा हेतु निविदा दस्तावेज, हमारी वेबसाईट www.mphc.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
2. निविदाकर्ता को अपनी निविदा के साथ रूपये 500/– का डिमांन्ड ड्राफट जो कि रजिस्ट्रार जनरल, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के पक्ष में देय होगा, निविदा दस्तावेज की लागत के रूप में संलग्न करना होगा। यह राशि किसी भी दशा में वापसी योग्य नहीं होगी।
3. सील बंद निविदायें रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश जबलपुर के नाम से दिनांक 21–05–2019 को अपरान्ह 3.00 बजे तक प्राप्त हो जाना चाहिये। नियत दिनांक एवं समय के पश्चात निविदा प्राप्त होने पर विचार नहीं किया जायेगा। डाक द्वारा प्रस्तुत निविदा मान्य नहीं की जावेगी।
4. लिफाफे पर स्पष्ट रूप से मेप्लीथो पेपर प्रदाय हेतु निविदा लिखा होना चाहिये तथा निविदाकार द्वारा जो भी दस्तावेज प्रस्तुत किये जा रहें है उसे निविदा के साथ सूची बनाकर कमानुसार स्पष्ट करते हुये संलग्न करें।
5. यदि निविदा प्रस्तुति की अंतिम तिथी अथवा निविदा खुलने की तिथी को अवकाश घोषित होता है तो वह निविदा अगले कार्य दिवस पर

खोली जावेगी।

6. आदेशानुसार मेप्लीथो पेपर उच्च न्यायालय कक्ष तक पहुॅचाने का समस्त उत्तर दायित्व निविदाकार का होगा।
7. निविदा में मेप्लीथो पेपर किस कम्पनी द्वारा निर्मित है सामग्री का साईज नाप, तौल आदि जो निविदा में दिया गया है, अंकित करना अनिवार्य है, एवं नमूना संलग्न कर नमूना सामग्री पर निविदाकर्ता की/फर्म की सील होना अनिवार्य है।
8. निविदाकार उनके द्वारा दी गई मेप्लीथो पेपर आवश्यकतानुसार स्वीकृत दर एवं मात्रा पर प्रदाय करने हेतु निर्धारित तिथि तक बाध्य होगा।
9. सफल निविदाकर्ता द्वारा प्रदाय किया जाने वाला मेप्लीथो पेपर अनुमोदित अनुसार ना होने की दशा में उक्त पेपर को निविदाकार को अपने व्यय पर वापस उठाना होगा तथा अनुमोदन अनुसार उक्त पेपर निर्धारित अवधि में प्रदाय करना होगा।
10. मेप्लीथो पेपर को प्रदाय करने का आदेश प्राप्त होने पर सात दिवस के अन्दर उक्त पेपर प्रदाय करना होगा।
11. निविदा की दरों की वैघता अनुमोदन के पश्चात वित्तीय वर्ष 2019–20 अथवा अनुमोदित दिनांक से 01 वर्ष के लिये मान्य होगी।
12. निविदाकार, वाणिज्यकर विभाग से पंजीयन होने का जीवित प्रमाण–पत्र की छाया प्रति संलग्न करें तथा साथ ही फर्म ने आयकर अदा किया है, उस पर कोई कर बकाया नहीं हैं, स्पष्ट करें।
13. निविदाकारों को अग्रिम सुरक्षा निधि के रूप में 50,000/– की ई0एम0डी0 जो कि 1 वर्ष के लिये वैघ होगी निविदा के साथ संलग्न

कर प्रस्तुत किया जावे। सफल निविदाकर्ता द्वारा परफॉर्मेंस बैंक गारंटी 10 प्रतिशत निविदा मूल्य का जो कि 01 वर्ष अवधि के लिये देय रहेगी जमा करनी होगी। सुरक्षा निधि (ई0एम0डी0) बैंक गारन्टी अथवा एफ0डी0आर0 के रूप में स्वीकार होगी।

14. किसी भी शर्त के भंग होने पर रजिस्ट्रार जनरल को अनुबंध निरस्त करने का अधिकार होगा। तथा सुरक्षा निधि राजसात कर ली जायेगी। तथा नियम एवं शर्तो पर रजिस्ट्रार जनरल, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर का निर्णय अंतिम माना जावेगा।
15. मेप्लीथो पेपर की दरें समस्त करों, शुल्क, भाडा व आकस्मिक प्रभार सहित दी जावे।
16. शासन द्वारा जी0एस0टी0 अधिक या कम होने पर विचारणीय होगा।
17. शशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।
18. निविदा का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित एवं मुद्राकिंत होना चाहिये।
19. निविदाकर्ता द्वारा यह उल्लेख करना आवश्यक है कि वह या तो अधिकृत विक्रेता है या निर्माता है।
20. सभी निविदाकर्ता को निविदा दस्तावेज के साथ प्रदाय की जाने वाली सामग्री का नमूना संलग्न कर निविदा प्रेषित करना होगा। निविदा के साथ नमूना संलग्न न होने की दशा में निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत निविदा को निविदा प्रकिया में सम्मिलित नहीं किया जावेगा।
21. यदि सफल निविदाकर्ता निविदा में उल्लेखित नियम एवं शर्तो को पूर्ण करने में असफल रहता है ऐसी अवस्था में निविदाकर्ता की जमा राशि जप्त कर निविदा की मंजूरी रदद की जावेगी तत्पश्चात अगले सफल निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत निविदा पर विचार किया जावेगा।

(5)

22. निविदाकर्ता को निविदा के साथ संलग्न समस्त दस्तावेजों की क्रमांनुसार सूची निविदा के साथ संलग्न करना होगा ।

23. रजिस्ट्रार जनरल को यह अधिकार होगा कि, वे बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदाओं को अस्वीकार करने के लिये सशक्त होगे।

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं सील**

प्रपत्र – अ

# PRICE DETAILS

| S.No. | NAME OF THE ARTICLES | BRAND NAME | BASIC VALUE | TAXES/ GST | TOTAL | REMARK (If any) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Maplitho Paper (Size 51x75 cm = 80 GSM 2600 Ream | | | | | |
| | | | | Total Price Rs. | | |

Signature & Seal of the Bidder